21-09-2021

चीनी उद्योग में पैदा हुए रोजगार के नये अवसर

कानपुर (एसएनबी)। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में सोमवार को अकादमिक सत्र 2021-22 में नव प्रवेशित छात्रों का ओरियेंटेशन कार्यक्रम संपन्न हुआ। संस्थान निदेशक प्रो.नरेन्द्र मोहन ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को शर्करा उद्योग व रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रतिस्पर्धा के युग में रोजगार के अवसर सीमित हैं, इसलिए छात्रों को अनुशासन, सकारात्मक दृष्टिकोण व निष्ठा के साथ अध्ययन करते हुए लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद चीनी उद्योग एक बड़े बदलाव की ओर अग्रसर है। इथनॉल एवं नये मूल्यवर्द्धक उत्पादों के कारण इस क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर उत्पन्न हुए हैं। संस्थान के शिक्षा प्रभारी अशोक गर्ग ने विद्यार्थियों को संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों में इन प्लांट ट्रेनिंग एवं औद्योगिक ट्रेनिंग के महत्व के बारे बताया। परीक्षा नियंत्रक ब्रजेश सिंह ने परीक्षा कार्यक्रमों, अर्हताओं व उत्तीर्ण होने की योग्यताओं की जानकारी दी। छात्रावास प्रतिपालकों ने छात्रों से कोविड को देखते हुए जरूरी उपाय को कहा।

नव प्रवेशित छात्रों के ओरियंटेशन कार्यक्रम को संबोधित करते राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में नवप्रवेशित छात्रों का ओरियेंटेशन कार्यक्रम

नये प्रवेशित छात्र-छात्राओं को दी जानकारियां

कानपुर, 20 सितम्बर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में आज अकादमिक सत्र 2021-22 में प्रवेश पाये हुए छात्रों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने छात्रों को शर्करा उद्योग एवं उनमें रोजगारा के अवसरों के बारे में जानकारियां दी। उन्होंने कहाकि इस प्रति स्पर्धा के युग में जहां रोजगार के अवसर सीमित है। छात्रों द्वारा अनुशासन, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं निष्ठापूर्वक अध्ययन करने से ही अपने लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। चीनी उद्योग एक बड़े बदलाव की तरफ है। जहां एथेनॉल एवं नये मूल्यवर्धक उत्पादों के कारण रोजगार के नये अवसर उत्पन्न हुए हैं। संस्थान के शिक्षा प्रभारी अशोक गर्ग ने छात्र-छात्राओं को संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों में उपस्थित इन-प्लांट ट्रेनिंग एवं औद्योगिक ट्रेनिंग के महत्व के बारे में बताया। संस्थान के परीक्षा नियंत्रक ब्रजेश सिंह ने पूरे साल चलने वाली परीक्षा कार्यक्रमों, उत्तीर्ण होने की योग्यताओं एवं अर्हताओं के बारे में प्रकाश डाला। ओरिएंटेशन प्रोग्राम को छात्रावास प्रति पालकों ने कोविड-19 के मददेनजर सभी आवश्यक उपाय के बारे में जानकारियां दी।

प्रो. नरेंद्र मोहन

चीनी उद्योग में रोजगार के नए अवसर

प्रो. नरेंद्र मोहन।

कानपुर। नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट (एनएसआई) के अकादमिक सत्र वर्ष 2021-22 में प्रवेश पाए नए छात्रों के ओरिएंटेशन प्रोग्राम में निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि चीनी उद्योग में रोजगार के बहुत अवसर हैं। उन्होंने बताया कि चीनी उद्योग एक बड़े बदलाव की ओर है। एथेनॉल और मूल्यवर्धक उत्पादों के कारण चीनी उद्योग में रोजगार के नए मौके पैदा हो रहे हैं। उन्होंने छात्रों को स्टार्टअप के लिए चीनी उद्योग में नए क्षेत्रों के संबंध में जानकारी दी। इंस्टीट्यूट के शिक्षा प्रभारी अशोक गर्ग ने छात्रों को संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों में इन-प्लांट ट्रेनिंग और औद्योगिक ट्रेनिंग के महत्व के बारे में बताया। परीक्षा नियंत्रक ब्रजेश सिंह ने कोविड से बचाव के तरीके बताए। (ब्यूरो)